# अभ्यास प्रश्न पत्र –2023

**कक्षा–12** **SET - B**

## विषय–भूगोल

**समय-3:00 घंटे** **पूर्णांक 70**

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न के लिए 1X28=28 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 06 से 13 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है शब्द सीमा 30 शब्द है ।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है शब्द सीमा 75 शब्द है ।
5. प्रश्न क्रमांक 18 के लिए 4 अंक निर्धारित है शब्द सीमा 120 शब्द है ।
6. प्रश्न क्रमांक 19 और 20 मानचित्र आधारित है प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित है ।

**1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए–** **(1X5=5)**

(i) नव-निश्चयवादी विचारधारा का प्रतिपादन किया है-

(अ) ग्रिफिथ टेलर (ब) ब्लाश

(स) हम्बोल्ट (द) रैटजेल

(ii) निम्न में से विरल जनघनत्व वाले क्षेत्र की पहचान कीजिये-

(अ) पश्चिमी यूरोप (ब) दक्षिण-पूर्व एशिया

(स) पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (द) उत्तर-पूर्व संयुक्त राज्य अमेरिका

(iii) कपास उत्पादन में भारत का कौन-सा स्थान है-

(अ) प्रथम (ब) द्वितीय

(स) तृतीय (द) चतुर्थ

(iv) गैस अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की स्थापना का वर्ष है-

(अ) 1984 (ब) 1986

(स) 1994 (द) 1975

(V) निम्न में से सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है-

(अ) उत्तरप्रदेश (ब) बिहार

(स) राजस्थान (द) महाराष्ट्र

https://www.mpboardonline.com

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (1x6=6)

(i) ................महाद्वीप में विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या निवास करती है।

(ii) अमेजन नदी बेसिन में ........... जनसंख्या पायी जाती है ।

(iii) भारत में नियमित जनगणना ...........वर्ष से प्रारम्भ हुई ।

(iv) महू ............नगर की श्रेणी में आता है ।

(v) भोजन संग्रह एवं आखेट ...... क्रियाएं है ।

(vi) भारत का जनसंख्या घनत्व ........... व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.है।

3 सही जोड़ियां बनाकर लिखिए- (1x5=5)

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| (i) भूगोल में क्षेत्रीय विभेदन | (क) ओसाका प्रदेश |
| (ii) जापान | (ख) 1930 का दशक |
| (iii) युरेशिया | (ग) 2014 |
| (iv) सोवियत संघ | (घ) स्टेपीज |
| (v) राष्ट्रीय युवा नीति | (ड़) कोलखहोज |

4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए- (1x6=6)

(i) महामार्ग किस प्रकार की सड़के है?

(ii) स्थानांतरी कृषि को उत्तर पूर्वी भारत में किस नाम से जाना जाता है?

(iii) भारत का सबसे कम जनघनत्व वाले प्रदेश का नाम लिखिए ।

(iv) किसके कारण जीवों की कई जातियां या तो लुप्त हो गयी है संकटापन्न है?

(v) विशाखापट्नम बंदरगाह किस राज्य में स्थित है?

(vi) INSAT का पूरा नाम लिखिए।

5 सत्य/असत्य लिखिए- (1x6=6)

(i) विकसित देशों में विकासशील देशों की तुलना में जनसंख्या वृद्धि अधिक है।

(ii) डेरी कृषि का कार्य नगरों एवं औधौगिक केंद्रों से दूर किया जाता है।

(iii) स्मार्ट सिटी मिशन का सम्बन्ध शहरों से है।

(iv) देश के कुल चाय उत्पादन में असम राज्य प्रथम स्थान पर है।

(v) धरातलीय एवं भौम जल का सबसे अधिक उपयोग कृषि में होता है ।

(vi) तेलंगाना मेगनीज उत्पादन में प्रथम स्थान पर है ।

6. मानव भूगोल की एक मान्य परिभाषा लिखिए। 02

अथवा

मानव भूगोल के दो उपक्षेत्र लिखिए।

7. अशोधित जन्मदर से क्या अभिप्राय है ? 02

अथवा

जनसंख्या वृद्धि को निर्धारित करने वाले कारक बताइयें ?

https://www.mpboardonline.com

8. प्रवास के प्रतिकर्ष के कोई दो कारक लिखिए । 02

अथवा

मानव विकास के उपागम लिखिए।

9. भोजन संग्रह विश्व के कौन-कौन से भागों में होता है? लिखिए। 02

अथवा

सहारा एवं एशिया के मरुस्थलों में पाले जाने वाले पशुओं के नाम लिखिए।

10. स्वछंद उधोग से क्या तात्पर्य है ? 02

अथवा

फुटकर व्यापार से क्या आशय है ?

11. जनसंख्या वृद्धि से क्या आशय है? 02

अथवा

जनसँख्या घनत्व से आप क्या समझते है?

12. नगरीय बस्तियों की कोई दो विशेषताएं लिखिए। 02

अथवा

परिवहन नगर किसे कहते है ?

13. नमामि गंगे कार्यक्रम के दो उद्देश्य लिखिए। 02

अथवा

ध्वनि प्रदुषण के दो कारण लिखिए ।

14. भूमध्य सागरीय कृषि की तीन विशेषताएं लिखिए । 03

अथवा

रोपण कृषि की तीन विशेषताएं लिखिए ।

15. लघु एवं कुटीर उद्योग में तीन अंतर लिखिए। 03

अथवा

चलवासी पशुचारण और वणिज्य पशुधन पालन में कोई तीन अंतर लिखिए।

16. जनसँख्या वृद्धि के घटकों को समझाइए। 03

अथवा

भारत सरकार की कौशल विकास एवं उद्यमिता नीति के उद्देश्यों को समझाइए ।

17. भारत में खनिजों का संरक्षण क्यों आवश्यक है? समझाइए। 03

अथवा

सतत पोषणीय विकास की अवधारणा को समझाइए।

8. भारतीय कृषि की समस्याओं का वर्णन कीजिए । 04

अथवा

भारत में लौह अयस्क के उत्पादन एवं वितरण का वर्णन कीजिए ।

https://www.mpboardonline.com

19. विश्व के सीमाकार मानचित्र में निम्न को दर्शाइए- 05

(i) सहारा मरुस्थल (ii) उत्तरी अमेरिका के प्रेयरी

(iii) अमेजन बेसिन (iv) पार साइबेरियन रेलमार्ग

(v) पर्थ

अथवा

(i) केपटाऊन (ii) भूमध्य सागरीय कृषि की पेटी

(iii) मेडागास्कर (iv) कांगो बेसिन

(v) न्यूजीलैंड

20. भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्न को दर्शाइए- 05

(i) हजीरा विजयपुर जगदीशपुर गैस पाइपलाइन (ii) पचमढ़ी


(iii) नई दिल्ली (iv) छोटा नागपुर पठार (v) डिग्बोई

अथवा


(i) पाराद्वीप (ii) मुंबई हाई (iii) बालाघाट

(iv) कर्नाटक का कॉफी उत्पादन क्षेत्र (v) गंगा नदी

**प्रश्न क्रमांक 19 के लिए विश्व के मानचित्र**



प्रश्न क्रमांक 20 के लिए भारत का मानचित्र




https://www.mpboardonline.com